# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018 दूरभाष नं. 0141–2722520

क्रमांकः प.14(72)RSSB / अर्थना / मा.शि. / पु.अ. / 2018 / 1310 दिनांक : 01.11.2019

## –:: संशोधित विस्तृत विज्ञप्ति ::–

### पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड–III सीधी भर्ती परीक्षा–2018

राजस्थान शिक्षा अधीनस्थ सेवा नियम–1971 एवं राजस्थान अनुसूचित क्षेत्र अधीनस्थ, मंत्रालयिक एवं चतुर्थ श्रेणी सेवा (भर्ती एवं सेवा की अन्य शर्तें) नियम, 2014 के अन्तर्गत माध्यमिक शिक्षा विभाग के लिये पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड–III के गैर अनुसूचित क्षैत्र के 485 एवं अनुसूचित क्षैत्र के 215 कुल 700 पदों के लिये विज्ञापन संख्या 11/2018 दिनांक 21.05.2018 को जारी कर अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन पत्र (On Line Application Form) आमंत्रित किये गये थे।

कार्मिक(क–2) विभाग के पत्र क्रमांक प.7(1) कार्मिक/क–2/2017 दिनांक 23.06.2019 में दिये गये निर्देशों की पालना में पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड–III के पदों हेतु निर्धारित प्रपत्र में ऑनलाईन आवेदन पत्र (On Line Application Form) पुनः आमंत्रित किये जाते है। जिन अभ्यर्थियों ने पूर्व में इन पदों हेतु ऑनलाईन आवेदन कर दिया है, उन्हें दुबारा ऑनलाईन आवेदन करने की आवश्यकता नहीं हैं। अति पिछडा वर्ग को 05 प्रतिशत आरक्षण दिये जाने हेतु राज्य सरकार की अधिसूचना दिनांक 13.02.2019 एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिये 10 प्रतिशत आरक्षण दिये जाने हेतु राज्य सरकार की अधिसूचना दिनांक 19.02.2019 एवं दिनांक 20.10.2019 तथा राजस्थान दिव्यांगजन अधिकार नियम 2018 दिनांक 23.01.2019 के अनुसार दिव्यांगजनों के लिये 04 प्रतिशत पदों की पालना में इन पदों का अब श्रेणीवार वर्गीकरण निम्नानुसार हैः–

**पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड–III (गैर अनुसूचित क्षेत्र)**

| कुल पद | सामान्य | | | | अनुसूचित जाति | | | | अनुसूचित जनजाति | | | | अन्य पिछड़ा वर्ग | | | | अति पिछड़ा वर्ग | | | | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | सामान्य | सामान्य महिला | विधवा | परित्यक्ता | सामान्य | सामान्य महिला | विधवा | परित्यक्ता | सामान्य | सामान्य महिला | विधवा | परित्यक्ता | सामान्य | सामान्य महिला | विधवा | परित्यक्ता | सामान्य | सामान्य महिला | विधवा | परित्यक्ता | सामान्य | सामान्य महिला | विधवा | परित्यक्ता |
| 478 | 183 | 51 | 8 | - | 52 | 8 | 2 | | 37 | 5 | - | - | 73 | 11 | 2 | - | 10 | - | - | - | 32 | 4 | - | – |

| क्षैतिज आरक्षण | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| विशेष योग्यजन (4%) | | | | भूतपूर्व सैनिक | उत्कृष्ट खिलाड़ी |
| दृष्टिहीन (B/LV) | अस्थि विकृत (LD/CP) | मूकबधिर (HI) | M.I. & M.D. | | |
| – | 31 | 6 | – | 43 | 2 |

**पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड–III (अनुसूचित क्षेत्र)**

| कुल पद | सामान्य | | | | अनुसूचित जाति | | | | अनुसूचित जनजाति | | | | क्षैतिज आरक्षण | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | | | विशेष योग्यजन (4%) | | | | भूतपूर्व सैनिक | उत्कृष्ट खिलाड़ी |
| | सामान्य | सामान्य महिला | विधवा | परित्यक्ता | सामान्य | सामान्य महिला | विधवा | परित्यक्ता | सामान्य | सामान्य महिला | विधवा | परित्यक्ता | B/LV | HI | LD/CP | M.I.&M.D. | | |
| 222 | 82 | 23 | 9 | – | 8 | 1 | – | – | 71 | 19 | 9 | – | – | 6 | 5 | – | 26 | 2 |

**नोट :–**

1. पदों की संख्या कमी/वृद्धि एवं आरक्षण संबंधी प्रावधानों के संबंध में राज्य सरकार के नवीनतम नियमों के अनुसार परिवर्तन किया जा सकता है।
2. बारां जिले की सहरिया आदिम जाति के लिये कोई भी पद आरक्षित नहीं है।

3. जिन अभ्यर्थियों ने पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड–III के पदों की भर्ती हेतु बोर्ड के विज्ञापन संख्या 11/2018 दिनांक 21.05.2018 के अनुसार आवेदन कर दिया है, उन्हें पुनः ऑनलाईन आवेदन करने की आवश्यकता नहीं हैं। पूर्व में जिन अभ्यर्थियों ने आवेदन कर दिया है, उन्हें अपने ऑनलाईन आवेदन में संशोधन करने हेतु ऑनलाईन आवेदन में संशोधन (Edit) करने की सुविधा दी जाती है। ऐसे अभ्यर्थी जो अब अति पिछडा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग एवं विशेष योग्यजन की नवीन श्रेणी में आते हैं, वे अपने ऑनलाईन आवेदन में अपनी श्रेणी के संबंध में वांछित संशोधन कर सकते है।

4. सभी श्रेणियों के अभ्यर्थियों को पुनः ऑनलाईन आवेदन करने का अवसर दिया गया है जिसके लिये पात्रता की शर्तो की गणना पुनः आवेदन करने की तिथि के आधार पर की जाएगी अर्थात जिन अभ्यर्थियों द्वारा पूर्व में आवेदन नहीं किया गया था अथवा पूर्व में आवेदन की तिथि तक पात्र नहीं थे लेकिन अब पात्रता शर्ते पुरा करते हैं तो ऐसे अभ्यर्थियों को पात्र माना जायेगा। ऐसे अभ्यर्थी अब आवेदन कर सकते है।

5. जिन अभ्यर्थियों द्वारा पूर्व में आवेदन किया जा चुका है, उन्हें पुनः ऑनलाईन आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है तथा उन्हें पूर्व आवेदन के समय पात्रता शर्तो की पालना पूरी करने के आधार पर पात्र माना जाएगा। उदाहरणार्थ यदि कोई अभ्यर्थी पूर्व में आवेदन करते समय आयु सीमा के अनुसार पात्र था लेकिन संशोधित विज्ञापन के अनुसार पुनः आवेदन प्राप्त करने के समय आयु सीमा पार कर चुका है तो भी उसे पुराने आवेदन के आधार पर पात्र माना जाएगा।

**परीक्षा शुल्क जमा कराने एवं ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की अवधिः–**

(क) परीक्षा शुल्क राज्य के निर्धारित ई–मित्र कियोस्क, जन सुविधा केन्द्र (C.S.C.), नेट बैकिंग, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड एवं क्रेडिट कार्ड के माध्यम से **दिनांक 02.11.2019 से 01.12.2019** को मध्य रात्रि 12 बजे तक जमा कराया जा सकता है।

(ख) ऑनलाईन आवेदन पत्र **दिनांक 02.11.2019 से 01.12.2019** को मध्य रात्रि 12 बजे तक बोर्ड की वेबसाईट पर भरें जा सकते है (इसके उपरांत लिंक निष्क्रिय हो जाऐगा)। आवेदकों को सलाह दी जाती है कि ऑनलाईन आवेदन की अन्तिम दिनांक का इन्तजार किए बिना समय सीमा के भीतर ऑनलाईन आवेदन करे।

**ऑनलाईन आवेदन में संशोधन की प्रक्रिया** :– जिन अभ्यर्थियों ने पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड–III के पदों की भर्ती हेतु बोर्ड के विज्ञापन संख्या 11/2018 दिनांक 21.05.2018 के अनुसार आवेदन कर दिया है, उन्हें पुनः ऑनलाईन आवेदन करने की आवश्यकता नहीं हैं। पूर्व में जिन अभ्यर्थियों ने आवेदन कर दिया है, उन्हें अपने ऑनलाईन आवेदन में संशोधन करने हेतु ऑनलाईन आवेदन में संशोधन (Edit) करने की सुविधा दी जाती है। ऐसे अभ्यर्थी जो अब अति पिछडा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग तथा राजस्थान दिव्यांगजन अधिकार नियम 2018 दिनांक 23.01.2019 के अनुसार दिव्यांगजन की श्रेणी में आते हैं, वे अपने ऑनलाईन आवेदन में अपनी श्रेणी के संबंध में वांछित संशोधन कर सकते है। नये आवेदक अपने ऑनलाईन आवेदन में संशोधन दिनांक 02.12.2019 से दिनांक 08.12.2019 तक संशोधन शुल्क 300/– रूपये ऑनलाईन जमा करवा कर सकते है। पुराने आवेदक उपरोक्त श्रेणियों में संशोधन दिनांक 09.12.2019 से दिनांक 15.12.2019 तक निःशुल्क कर सकते है। ऑनलाईन आवेदन में संशोधन करने की प्रक्रिया ऑनलाईन आवेदन करने की प्रक्रिया के समान ही होगी। इसके पश्चात् ऑनलाईन आवेदन में किसी प्रकार का संशोधन/परिवर्तन स्वीकार नहीं किया जायेगा तथा ऐसी किसी भी त्रुटि का सम्पूर्ण दायित्व अभ्यर्थी का होगा।

पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड–III के पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन की शेष शर्ते यथा ऑनलाईन आवेदन करने की प्रक्रिया, परीक्षा शुल्क, प्रवेश पत्र, आरक्षण संबंधी प्रावधान, वेतनमान, पात्रता एवं शैक्षणिक योग्यता, राष्ट्रीयता, आयु संबंधी प्रावधान, अंशदायी पेंशन, विवाह पंजीयन, नियुक्ति की अयोग्यताऐं, परीक्षा की स्कीम एवं पाठ्यक्रम पूर्व विज्ञापन संख्या 11/2018 दिनांक 21.05.2018 के अनुसार यथावत रहेगी।

**(डॉ. बी.एल.जाटावत)**

**अध्यक्ष**